आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत में मातृभाषा में शिक्षा के महत्व पर बल दिया।
- देश के साथ द्वीपसमूह में भी गणेश चतुर्थी का पर्व आज मनाया जा रहा है।
- बेड एंड ब्रेकफास्ट संस्थानों के लिए संयुक्त बिजली नियामक आयोग की ओर से बिजली के दरों की एक नई श्रेणी की शुरूआत की गई है।
- ग्राम स्वास्थ्य पोषाहार दिवस के सिलसिले में कार निकोबार के विभिन्न गांव के निवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया है। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उनके साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक विभिन्न भाषाओं में विद्यार्थियों को स्थानीय लोककथाएँ सुनाएं, जिससे विद्यार्थी कई भाषाएँ सीख सकें और देश की जीवंत संस्कृति से परिचित हो सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों को देश की विविधता दिखाने के लिए शैक्षिक पर्यटन पर ले जाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को सीखने में मदद मिलेगी और पर्यटन तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस बीच अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की मिडिल स्कूल डिगनाबाद की शिक्षिका के. सुमा को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन मे आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशभर के शिक्षकों को सम्मानित किया। उनमें डिगनाबाद स्कूल की के. सुमा भी शामिल थी। पुरस्कार के तहत प्रमाणपत्र, रजत पदक और पचास हजार रूपये की नकद राशि प्रदान की जाती है।

<><><><><><><>

देश के साथ द्वीपसमूह में भी गणेश चतुर्थी का पर्व आज मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर द्वीपसमूह के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतवासियों की आस्था और उल्लास का प्रतीक है। भगवान गणेश समृद्धि और ज्ञान के दाता हैं तथा सभी बाधाओं को दूर करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव द्वीपवासियों में व्याप्त सौहार्द्र, एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने कामना की कि यह उत्सव द्वीपवासियों के जीवन में सुख समृद्धि लेकर आए और यह द्वीपसमूह विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और अण्डमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने भी लोगों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं।

गणेश पूजा के सिलसिले में द्वीपसमूह के कई भागों में पंडाल बनाए गए हैं और इन्हें आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। ब्रुक्शाबाद के हनुमानगढ़ मंदिर में आज सुबह दस बजे से पूजा कार्यक्रम आयोजित होगा और दिन में बारह बजे से महाभोग का वितरण किया जाएगा। चिन्मय मिशन मे आज से लेकर ग्यारह सितम्बर तक गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। आज सुबह आठ बजे से पूजा की शुरूआत होगी।

<><><><><><><>

बेड एंड ब्रेकफास्ट श्रेणी में पंजीकृत संस्थानों के लिए संयुक्त बिजली नियामक आयोग की ओर से बिजली के दरों की एक नई श्रेणी की शुरूआत की गई है। इस सिलसिले में सभी ऐसे संस्थानों से अपनी घरेलू श्रेणी को बदलने और प्रशासन की ओर से उन्हें प्राप्त प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि अपने–अपने साईट कार्यालयों में पन्द्रह दिनों के भीतर देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

ऊर्जा क्षेत्र में दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से पिछले दिनों दो दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्युत विभाग के अभियंताओं के लिए स्मार्ट मीटर और स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी पर आयोजित कार्यशाला में विभाग के करीब पैंतालीस अभियंताओं ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए ऊर्जा सचिव ने ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्मार्ट मीटर की स्थापना से हाथों से मासिक मीटर रीडिंग करने के कार्य से छुटकारा मिलेगा और इलेक्ट्रिक प्रणाली की सही तरह से निगरानी की जा सकेगी तथा इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को ऊर्जा संसाधनों का उचित तरीके से उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा सकेगा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कई पहलुओं से अवगत कराया गया।

<><><><><><><>

ग्राम स्वास्थ्य पोषाहार दिवस के सिलसिले में कार निकोबार के विभिन्न गांव के निवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल के दंत, आयुर्वेद और होमियोपैथी इकाई के डॉक्टरों की टीम ने एक सौ से अधिक मरीजों की जांच की और उन्हें दवाईयों का वितरण किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम निकोबार की टीम की ओर से भी चालीस से अधिक बच्चों की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनकी स्वास्थ्य देखभाल करना था, ताकि समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से द्वीपों के मत्स्य कृषक उत्पादकता संगठनों, उद्यमियों, मत्स्य संघों के सदस्यों, बेरोज़गार युवाओं और मत्स्यकी के क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद के वित्तीय सहयोग से आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मत्स्य निदेशक अभिषेक गुलिया ने मत्स्य कृषक उत्पादकता संगठन का गठन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, ताकि मछुआरा समुदाय का उत्थान हो सके। उन्होंने इस कार्य में मत्स्य विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल ने द्वीपों में मछुआरा समुदाय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। जंगलीघाट के बाद गुप्तापाड़ा मत्स्य अवतरण केन्द्र में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज़िला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी ने मछुआरा समुदाय से उत्पादकता संगठन बनाने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के शासी निकाय के सदस्य एस यू महेश्वर राव ने बोर्ड की ओर से मछुआरा समुदाय के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इक्कीस सितम्बर को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन होगा।

इच्छुक खिलाड़ियों से अपने नाम अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन के माध्यम से अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन में स्वयं ही पंजीकृत कराना होगा। और जानकारी के लिए फुटबॉल एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक से संपर्क किया जा सकता है।

उधर, आगामी कयाकिंग और कैनोइंग चैम्पियनशिप में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों से अपने नाम नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक संघ कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न यू जी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चौंथे चरण का परामर्श दस सितम्बर को लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह साढ़े आठ बजे परामर्श के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

इस बीच, प्रथम वर्ष की स्नातक पाठ्यक्रम की कक्षाएं नौ सितम्बर से आरंभ होगी।

<><><><><><><>